देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 29.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मनरेगा श्रमिकों को भी मिलेगी सामाजिक सुरक्षा। पोर्टल में कराना होगा पंजीकरण।
- अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ एमडीडीए की कार्रवाई जारी। देहरादून और मसूरी के विभिन्न इलाकों में व्यापक अभियान चलाया गया।
- कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने चम्पावत जिले में विकास कार्यों की समीक्षा की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

श्रमिक पंजीकरण

प्रदेश सरकार, श्रमिकों के विकास और उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। इसके तहत अब मनरेगा श्रमिकों को भी सामाजिक सुरक्षा से जोड़ा जा रहा है। ग्राम्य विकास विभाग के तहत श्रमिकों का एक पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जा रहा है। मौजूदा समय में प्रदेश में करीब साढ़े नौ लाख सक्रिय श्रमिक पंजीकृत हैं। ग्रामीण विकास आयुक्त अनुराधा पाल ने बताया कि पोर्टल पर श्रमिक के पंजीकरण होने के बाद इन सभी श्रमिकों को श्रम विभाग से मिलने वाली योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के तहत जिन श्रमिकों ने निर्माण कार्य में 90 दिन का रोजगार पूरा कर लिया है, वे इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

एमडीडीए

मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण– एमडीडीए का अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में प्राधिकरण क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवैध निर्माण, प्लॉटिंग और बिना स्वीकृत मानचित्र के बनाए जा रहे आवासीय व व्यावसायिक ढांचों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। मसूरी, विकासनगर, सेरपुर–सेलाकुई और देहरादून के विभिन्न इलाकों में एमडीडीए की टीमों ने अवैध निर्माणों को सील किया और कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा है कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बिना मानचित्र स्वीकृति किए जा रहे सभी आवासीय व व्यावसायिक निर्माणों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित और नियोजित विकास के लिए एमडीडीए अपनी कार्रवाई आगे भी जारी रखेगा।

जल क्रीड़ा

टिहरी बांध झील में इंटरनेशनल प्रेसिडेंट कप और चतुर्थ टिहरी वॉटर स्पोर्ट्स कप का शुभारंभ हो गया है। इस मौके पर टिहरी के विधायक, किशोर उपाध्याय ने कहा कि टिहरी झील, साहसिक खेलों का विशिष्ट स्थल बनता जा रहा है। ओलंपिक संघ उत्तराखंड के महासचिव डॉ. डी.के सिंह ने बताया कि भारत समेत 21 देशों के 300 से अधिक खिलाड़ी कयाकिंग और कैनोइंग की विभिन्न स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

विभिन्न देशों से आए खिलाड़ियों ने टिहरी बांध की झील को साहसिक खेलों के लिए उत्कृष्ट स्थल बताया।

कुमाऊं आयुक्त

कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने चम्पावत जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इससे पहले आयुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूहों, पशुपालकों और उद्यान विभाग के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

एक्सपोजर विजिट

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बाल विकास विभाग द्वारा विकासखंड पाबौ और पौड़ी की तेरह बालिकाओं को कलेक्ट्रेट परिसर का एक्सपोज़र विज़िट कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बालिकाओं से संवाद कर उनके अनुभव, अवलोकन और देखे गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से बच्चों को शासन–प्रशासन की व्यवस्था को समझने का अवसर मिलता है। साथ ही सरकारी कार्यालयों में होने वाले कार्यों की वास्तविक प्रक्रिया का ज्ञान भी विकसित होता है। जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि अगला भ्रमण पुलिस थाना और आपदा प्रबंधन विभाग के लिए भी कराया जाए, जिससे बालिकाओं को कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और बचाव कार्यों की व्यापक जानकारी मिल सके। कलेक्ट्रेट के पटलों

का अवलोकन करने के बाद बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह अवसर उनके लिए गौरवान्वित करने वाला रहा। उन्होंने कहा कि इस विज़िट से उन्हें फाइल निस्तारण, शिकायत निवारण, विभिन्न विभागीय योजनाओं, राजस्व कार्यवाही और प्रशासनिक प्रक्रिया की महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

## जिलाधिकारी बैठक

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जौलीग्रांट हवाई अड्डे की एयरफील्ड पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में हवाई अड्डे के दस किलोमीटर संचालन क्षेत्र में पक्षियों और वन्यजीवों की गतिविधियों को नियंत्रित करने और पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान एहतियाती तौर पर सुरक्षा के सभी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे के विस्तारीकरण में किसी प्रकार की बाधा अनुमन्य नहीं होगी। उन्होंने प्रभावितों को तुरंत मुआवजा वितरण करने क निर्देश दिए। उन्होंने विमान से पक्षियों के टकराने की घटनाओं और वन्यजीवों की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए हवाई अड्डा परिचालन क्षेत्र में एकत्रित होने वाले कूड़े का भी नियमित निस्तारण करने को कहा। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के आसपास कचरे की डंपिंग, मांस की दुकानें होने, निर्धारित ऊंचाई से अधिक पेड़ या इमारतें होने पर पक्षियों के टकराने की संभावनाए अधिक रहती है। उन्होंने हवाई अड्डे की दस किलोमीटर परिधि में स्थित डंपिंग यार्ड विस्थापन की आवश्यकता और परिसर के बाहर और अंदर की निकासी नाली की क्षमता में विसंगति की समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।